# वार्षिक परीक्षा (2018-19)

## विषय : हिंदी

## कक्षा : छठी

| | |
|---|---|
| नाम : ......................... | समय: 3 घंटे |
| अनुक्रमांक : .......................... | पूर्णांक : 80 |
| दिनांक : .......................... | प्रश्न सं. : 19 |

**आवश्यक निर्देश :-**

**1. एक खंड की समाप्ति पर ही दूसरा खंड प्रारंभ करें।**

**2. प्रश्नों की संख्या प्रश्नपत्र के अनुसार लिखें।**

**3. स्पष्ट व स्वच्छ लेख लिखें।**

---

### खंड - (क) (अपठित अवबोधन)

**1. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)**

भारत को किसानों का देश कहा जाता है इसीलिए किसानों की भलाई और उन्नति में ही भारत की उन्नति है। यदि किसान बर्बाद हो गया तो सब कुछ बंटाधार समझिए। भारत का किसान बहुत परिश्रमी है । खेत में जब उतरता है तो कड़ी धूप में भी सिर पर चादर रखकर वह डटा रहता है । किसान स्वभाव से मितव्ययी है । संतोष और परिश्रम में तो वह संसार में सबसे ऊपर है । आत्मनिर्भरता भारतीय किसान के जीवन की कुंजी है । गाँव की किसान की जानी -पहचानी कारीगरी उसे आत्मनिर्भर बनाती है। मेल -जोल किसान को बाँधने वाली रस्सी है ।

1. भारत को किसका देश कहा जाता है ?
2. भारत की उन्नति किसमे है ?
3. किसान स्वभाव से कैसा होता है ?
4. किसान के जीवन की सबसे बड़ी कुंजी क्या है ?
5. गंद्याश का उचित शीर्षक क्या है ?

2. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए** **(5)**

मेरा माझी मुझ से कहता रहता था
बिना बात तुम किसी से नहीं टकराना
पर जो बार -बार बाधा बनकर आए
उनके सिर को वही कुचल कर बढ़ जाना
जान बूझकर मेरे पथ में आती है
भवसागर की चलती फिरती चट्टाने
मै इन से जितना ही बचकर चलता हूँ
उतनी ही मिलती है ये ग्रीवा ताने
रख अपनी पतवार ,कुदाली लेकर
तब मै इनका उन्नत भाल झुकाता हूँ
जीवन की नैया का चतुर खिवैया मै
भवसागर मै नाव बढ़ाए जाता हूँ ।

1. बाधा आने पर किस प्रकार आगे बढ़ना चाहिए ?
2. कवि के रास्ते मै कैसी चट्टाने आती है ?
3. कवि उन्नत भाल को किस प्रकार झुका देता है ?
4. जीवन की नैया को क्या कहा है ?
5. मरण का विलोम शब्द काव्यांश मै से छाँटकर लिखिए।

## खंड - (ख) (व्याकरण)

3. **संधि, संबंधबोधक में से किसी एक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए -** **(2)**

4. **यौगिक और रुद शब्द छाँटकर लिखिए** **(2)**

पुस्तक पूजाघर नगर घुड़सवार

5. **उचित संबंधबोधक और समुच्चयबोधक शब्द भरकर रिक्त स्थान भरिए।** **(2)**

1. बस डर ---------------पेट में ऐसे -ऐसे होने लगा ।
2. सीता और ---------------सुनीता खेल रही है ।
3. उसने मेहनत की -------------------------कक्षा में प्रथम आया ।
4. वह स्कूल नहीं आ पाया --------------------वह बीमार था ।

6. **निम्नलिखित शब्दों के दो -दो अनेकार्थी शब्द लिखिए ।-** **(2)**

तीर काल

**7. निर्देशानुसार प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

**क -संधि -विच्छेद तथा संधि कीजिए ।** **(2)**

गणेश सर्व +उदय महात्मा पर+अधीन

**ख -वाक्यों में उचित विस्मयादिबोधक शब्द का प्रयोग करके वाक्य दुबारा लिखिए ।** **(2)**

1. कितनी बदबू है ।
2. बेचारा बस से गिर गया है ।

**ग -वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग कीजिए ।** **(2)**

1. राम का भाई बीमार है ।
2. भारतीय खिलाडी ने अच्छा प्रदर्शन किया ।

**घ -वाक्यों में उचित विराम -चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दुबारा लिखिए ।** **(2)**

1. सुख दुःख हानि लाभ जीवन में आते रहते है
2. वाह तुमने तो कमल कर दिया है

**ड़-शब्दों को शुद्ध करके लिखिए ।** **(2)**

कवी साधू अतिथी भिकारी

**च -निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए ।** **(2)**

1. वह छत पर से गिर गया ।
2. मै मेरा काम कर रहा हूँ।

**छ-निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के अनुसार मिलाकर लिखिए ।** **(2)**

1. छक्के छुड़ाना — लज्जित होना
2. घडो पानी भरना — बहुत खुश होना
3. नाक में दम करना — बुरी तरह हराना
4. फूला न समाना — बहुत परेशान करना

## खंड - (ग) (पठित अवबोधन)

**8. निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4)**

गाँधी गेहूँ पीसने से पहले उसे बीन कर साफ़ करने पर जोर देते थे। कौपीन धारी इस महान व्यक्ति को अनाज बीनते देख कर उनसे मिलने वाले लोग हैरत मै पड़ जाते थे। बाहरी लोगों क सामने शारीरिक मेहनत का काम करते गाँधी को शर्म नहीं आती थी। एक बार उनके पास कॉलेज के छात्र मिलने आये। उनको अंग्रेजी भाषा के अपने ज्ञान का बड़ा गर्व था |

1. गाँधी जी को किस कार्य को करने मे शर्म नहीं आती थी ?
2. प्रस्तुत गंद्याश किस पाठ से लिया गया है ?
3. कॉलेज के छात्रों को किस बात का गर्व था ?
4. गर्व शब्द का वर्ण- विच्छेद कीजिए ।

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक -दो पंक्तियों में लिखिए। (4)**

1. राम ने थकी सीता की क्या सहायता की ?
2. लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना किससे की है?
3. जवाहर लाल नेहरू ने पत्र किसको लिखा था ?
4. निबंध में लोकगीतों के किन पक्षों की चर्चा की गयी है ?

**10. -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए। [कोई चार] (8)**

1. गाँधी जी ने पोलक के बच्चे का दूध कैसे छुड़वाया ?
2. सुभद्राकुमारी चौहान लक्ष्मीबाई को मर्दानी क्यों कहती है ?
3. प्रकृति का जादू किसे कहा गया है ?
4. लाखों -करोड़ो वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी ?
5. कविता में सबसे छोटी होने की कल्पना क्यों की गयी है ?

**11. निम्नलिखत शब्दों के अर्थ लिखिए (2)**

कृपाण अजरज दरिया उल्लासित

**12. निम्न शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए (2)**

निपुण विश्वास

**13. स्त्रीलिंग और पुर्लिंग शब्द छाँटकर लिखिए। (2)**

रोशनी पतीला चक्की भराई

**14. 'मोती जीवन के' पुस्तक के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - [कोई तीन]** **(6)**

1. विवाह के भोजन से मंयक पर क्या प्रभाव पड़ा ?
2. मनोरंजन का सही लाभ कब होता है ?
3. प्रकति ने हमें क्या -क्या दिया है?
4. महाविद्यालयों में यूनिफार्म की आवश्यकता क्यों नहीं होती है ?

**15. उचित शब्दो से रिक्त स्थान पूरे करो -** **(2)**

1. मंच का संचालन ------------------कर रहे थे ।
2. भोलानाथ ------------------------था ।

## खंड - (घ) (रचनात्मक लेखन)

**16. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए** **(5)**

1. योग और स्वास्थ्य
2. पुस्तकालय की उपयोगिता
3. वृक्ष हमारे मित्र

**17.अपने क्षेत्र में हुई चोरी की सूचना थानाअध्यक्ष को देते हुए पत्र लिखिए ।**

**अथवा**

**अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए ।** **(5)**

**18. बालों की सुरक्षा के लिए किसी हेयर तेल का विज्ञापन लिखिए** **(4)**

**19. नीचे दिए गए चित्र को देखकर इसका वर्णन 20 -30 शब्दों में कीजिये।** **(4)**

